# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 30 अप्रैल, 2026

अंक : 526


## निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने किया चंद्रपुर क्षेत्र का दौरा



दिनांक 29 अप्रैल 2026 को वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने चंद्रपुर क्षेत्र के दुर्गापुर स्थित एच.ई.एम.एम संस्थान का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में नवस्थापित डम्पर सिम्युलेटर सुविधा का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य एच.ई.एम.एम ऑपरेटरों के कौशल विकास एवं सुरक्षित संचालन संबंधी प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस दौरान निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने स्वयं सिम्युलेटर का अनुभव लिया तथा प्रशिक्षण अधोसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए इस प्रयास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण से न केवल ऑपरेटरों की दक्षता में वृद्धि होगी, बल्कि खनन कार्यों में सुरक्षा मानकों को भी और सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने संस्थान में एक नया टिपर सिम्युलेटर लगाने तथा भविष्य में कांट्रेक्चुअल वर्कर्स की भी टिपर सिम्युलेटर पर ट्रेनिंग कराने के दिशा निर्देश दिए। इस अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधा का विस्तार संविदा कर्मियों एवं ठेका एजेंसियों के ऑपरेटरों तक भी किया जाएगा, ताकि उनके परिचालन कौशल, मशीन हैंडलिंग दक्षता तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

निदेशक (मानव संसाधन) ने निर्देशित किया कि विभिन्न ठेका कंपनियों द्वारा संचालित एच.ई.एम.एम मशीनों से संबंधित सॉफ्टवेयर एवं परिचालन मॉड्यूल्स को भी सिम्युलेटर प्रणाली में शामिल किया जाए, जिससे सभी ऑपरेटरों को वास्तविक कार्य परिस्थितियों के अनुरूप समग्र एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

तत्पश्च्यात डॉ. हेमंत शरद पांडे ने चंद्रपुर क्षेत्र की दुर्गापुर ओपन कास्ट कोल क्रशिंग साइट एवं भटाड़ी ओपन कास्ट माइंस का निरीक्षण किया।

उन्होंने क्रश कोल डिस्पैच की समीक्षा कर प्रेषण बढ़ाने के निर्देश दिए तथा दुर्गापुर एवं भटाड़ी माइंस से रोप कन्वेयर एवं ट्यूब कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से डिस्पैच बढ़ाकर महाजेनको को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर चंद्रपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री संजीव रेड्डी, महाप्रबंधक (संचालन) श्री हरेश कुमार गावली, वेकोलि मुख्यालय से महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट अफेयर्स) श्री अनिल नायर, दुर्गापुर उपक्षेत्र प्रबंधक श्री चेतन कुमार जैन, एच.ई.एम.एम संस्थान के प्राचार्य श्री आर. ई. करमाकर सहित यूनियन पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। निदेशक (मानव संसाधन) का यह दौरा वेकोलि की क्षमता संवर्धन, उन्नत तकनीक के समावेशन तथा खनन कार्यों में सुरक्षा संस्कृति को तथा अधिक सशक्त बनाने की सतत प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## निदेशक (मानव संसाधन) ने किया कर्मचारियों के बच्चों हेतु क्रेच का उद्घाटन

वेकोलि के चंद्रपुर क्षेत्र मुख्यालय में कर्मचारियों के बच्चों हेतु अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त क्रेच का उद्घाटन आज निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह क्रेच वेकोलि नेतृत्व की जन-केंद्रित सोच एवं कर्मचारी परिवारों के प्रति संवेदनशील कार्यसंस्कृति का सशक्त उदाहरण है।

कामकाजी अभिभावकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्रेच में बच्चों के लिए आंतरिक खेल मैदान, सुसज्जित प्ले रूम, पेंट्री सुविधा, स्थायी प्रशिक्षित स्टाफ तथा सुरक्षा हेतु कंप्यूटरीकृत एंट्री-एग्जिट मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे बच्चों को सुरक्षित, आनंददायक एवं शिक्षाप्रद वातावरण उपलब्ध होगा। विशेष रूप से, इस क्रेच की स्थापना क्षेत्र मुख्यालय की पुरानी एवं अनुपयोगी भवन संरचना के नवीनीकरण द्वारा की गई है, जो वेकोलि में एसेट मोनेटाइजेशन एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है।

उद्घाटन अवसर पर बच्चों और उनके अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति से परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री संजीव रेड्डी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें अधिकारीगण, क्षेत्रीय जे.सी.सी, वेलफेयर कमेटी तथा कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर मुख्यालय से महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट अफेयर्स) श्री अनिल नायर भी उपस्थित थे। नवस्थापित यह क्रेच केवल एक बाल देखभाल केंद्र नहीं, बल्कि वेकोलि नेतृत्व की जन-केंद्रित सोच एवं संवेदनशील कार्यसंस्कृति का सशक्त उदाहरण है।



## निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने किया वणी क्षेत्र का दौरा



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने तकनीकी सचिव श्री सुरोजित सरकार के साथ वणी क्षेत्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने क्षेत्र के वित्तीय प्रदर्शन एवं परिचालन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

दौरे के दौरान श्री घोष ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रमुख वित्तीय मानकों पर चर्चा की तथा विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों का आकलन किया। इस समीक्षा का उद्देश्य क्षेत्रीय संचालन की दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाना एवं वित्तीय अनुशासन को सुनिश्चित करना रहा।

इसके पश्चात श्री घोष ने वेकोलि के वणी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सब्यसाची डे के साथ निलजई ओपनकास्ट खदान का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर चल रही खनन गतिविधियों एवं उत्पादन कार्यों का निरीक्षण किया तथा परिचालन व्यवस्था की प्रगति का जायजा लिया।

यह दौरा वेकोलि की परिचालन दक्षता, उत्पादन क्षमता एवं वित्तीय प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## तकनीकी संगोष्ठी में वेकोलि की सक्रिय सहभागिता

JNARDDC के 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष तकनीकी संगोष्ठी में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज कराई। "Transforming Waste: A Strategic Source of Critical Minerals" विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में संसाधनों के सतत उपयोग, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन तथा भविष्य की खनिज आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नवाचारपूर्ण दृष्टिकोणों पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अपने संबोधन में उन्होंने खनन क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन, संसाधन संरक्षण तथा वैल्यू एडिशन के महत्व पर प्रकाश डाला और उद्योग को सतत एवं नवाचार-आधारित दिशा में आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

संगोष्ठी में देशभर से खनन, भू-विज्ञान, पर्यावरण एवं धातु अनुसंधान क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार एवं शोध प्रस्तुत किए। इन विचारों और प्रस्तुतियों से उद्योग एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच समन्वित प्रगति को नई दिशा मिलने की अपेक्षा व्यक्त की गई। वेकोलि जेएनएआरडीडीसी जैसे अग्रणी अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर सतत, वैज्ञानिक एवं नवाचार-आधारित खनन भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है।




## मध्य प्रदेश वन विभाग के साथ वेकोलि ने अपने समन्वय को और सुदृढ़ किया



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) द्वारा मध्य प्रदेश में अपनी खनन परियोजनाओं के लिए वन स्वीकृतियों की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने की उद्देश्य से वेकोलि के निदेशक (तकनीकी) संचालन, श्री आनंदजी प्रसाद ने मध्य प्रदेश शासन के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भूमि प्रबंधन) एवं फारेस्ट स्वीकृति के नोडल अधिकारी से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर उनके साथ डॉ. एस. के. जेना, महाप्रबंधक (वन), वेकोलि, सहित मुख्यालय एवं पेंच क्षेत्र के तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मध्य प्रदेश स्थित वेकोलि की खनन परियोजनाओं के लिए वन स्वीकृतियों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने वर्तमान प्रक्रियाओं की समीक्षा की तथा स्वीकृतियों एवं अनुपालन तंत्र को और अधिक सरल एवं सुव्यवस्थित बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया।

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भूमि प्रबंधन), मध्य प्रदेश शासन ने राज्य में वन भूमि विचलन से संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने में वेकोलि द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने वेकोलि की नियामकीय आवश्यकताओं के प्रति प्रतिबद्धता को सकारात्मक रूप से रेखांकित किया।

यह दौरा राज्य प्राधिकरणों के साथ सुदृढ़ समन्वय बनाए रखने तथा पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी खनन कार्यों को सुनिश्चित करने के प्रति वेकोलि की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्य श्री वड्डेपल्ली रामचंदर द्वारा वेकोलि का दौरा एवं समीक्षा



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के माननीय सदस्य श्री वड्डेपल्ली रामचंदर ने दिनांक 18 अप्रैल 2026 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय का आधिकारिक दौरा किया। इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान उन्होंने कंपनी में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के कल्याण, आरक्षण नीति के कार्यान्वयन और उनके हितों के संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की।

इस अवसर पर आयोग के निदेशक श्री जी. सुनील कुमार बाबू भी उपस्थित रहे। बैठक में वेकोलि के निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परांजपे ने आयोग का स्वागत किया और कंपनी की गतिविधियों से अवगत कराया। बैठक के दौरान माननीय सदस्य श्री वड्डेपल्ली रामचंदर ने वेकोलि में कार्यरत अनुसूचित जाति के कर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। निदेशक श्री जी. सुनील कुमार बाबू ने संबंधित अधिकारियों को संवैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान महाप्रबंधक (मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध) श्री ललित प्रकाश तिर्की एवं प्रबंधक (मानव संसाधन) सह संपर्क अधिकारी (SC/ST) श्री अतुल बन्सोड भी उपस्थित थे। प्रबंधन ने आयोग को आश्वस्त किया कि वेकोलि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। बैठक के अंत में आयोग ने वेकोलि द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और भविष्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में श्री चौधरी महाप्रबंधक (वित्त), डॉ श्री. शशि शंकर , प्रमुख चिकित्सा सेवा , महाप्रबंधक श्री तिवारी (सिविल वेलफेयर) भी उपस्थित थे।


बैठक में श्री चौधरी महाप्रबंधक (वित्त), डॉ श्री. शशि शंकर , प्रमुख चिकित्सा सेवा , महाप्रबंधक श्री तिवारी (सिविल वेलफेयर) भी उपस्थित थे।


### श्री वड्डेपल्ली रामचंदर की श्री हरीश दुहन से सौजन्य भेंट

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के माननीय सदस्य श्री वड्डेपल्ली रामचंदर ने नागपुर प्रवास के दौरान वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अति. प्रभार) श्री हरीश दुहन से दिनांक 19 अप्रेल 2026 को सौजन्य भेंट की।

इस शिष्टाचार भेंट के दौरान माननीय सदस्य के साथ आयोग के निदेशक श्री जी. सुनील कुमार बाबू भी उपस्थित रहे। बैठक में श्री हरीश दुहन ने माननीय सदस्य का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान वेकोलि के सीएमडी ने माननीय सदस्य को कंपनी की प्रगति और समावेशी कार्य संस्कृति के बारे में जानकारी दी। श्री वड्डेपल्ली रामचंदर ने वेकोलि द्वारा कोयला खनन के साथ-साथ सामाजिक न्याय और कर्मियों के कल्याण हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस भेंट के दौरान वेकोलि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।




## भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन



भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में वेकोलि मुख्यालय, नागपुर स्थित संस्कृतिक भवन में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष अर्थ प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के विचार हमें समानता, शिक्षा और संवैधानिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बाबा साहेब के कार्यों तथा जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं।।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री समान शेखर (पूर्व IAS) ने डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के विचारों, उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वेकोलि की सभी कर्मचारी संगठनों एवं सीएमओआय का विशेष सहयोग रहा।

## कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने किया पारदर्शिता एवं सुशासन पर मार्गदर्शन

कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी (JS & CVO) श्री मनोज कुमार गंगेया ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय का दौरा किया।

इस अवसर पर उन्होंने वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (तकनीकी) श्री आनंदजी प्रसाद तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे से भेंट की।

बैठक के दौरान श्री गंगेया ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर सार्थक एवं ज्ञानवर्धक चर्चा की तथा अपने अनुभव साझा करते हुए टीम को पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा एवं सुशासन को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

अपने दौरे के दौरान उन्होंने सतर्कता विभाग के अधिकारियों से भी भेंट की और विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सतर्कता तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।

यह दौरा वेकोलि में नैतिक प्रशासन, पारदर्शी कार्यप्रणाली एवं सुशासन की दिशा में सतत प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा।



## एमपीसीबीए स्टेट चैम्पियनशिप - 2026 में वेकोलि का उत्कृष्ट प्रदर्शन

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि वेकोलि का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम ने यशवंत क्लब में आयोजित एमपीसीबीए स्टेट चैम्पियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वेकोलि को विशेष गौरव प्रदान करते हुए श्री चैनराज नाहर (उमरेड क्षेत्र, वेकोलि) एवं श्री सूर्य प्रकाश राठी (वेकोलि मुख्यालय) ने एमपी पेयर्स इवेंट तथा आईएमपी पेयर्स इवेंट दोनों में विजेता खिताब अपने नाम किए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने प्रतियोगिता में वेकोलि की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के आधार पर श्री चैनराज नाहर एवं श्री सूर्य प्रकाश राठी का चयन अगस्त 2026 में हैदराबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए किया गया है।

यह सफलता वेकोलि परिवार के लिए गर्व का क्षण है तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हमारे प्रतिनिधियों की उत्कृष्टता, प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना को रेखांकित करती है। वेकोलि भविष्य में भी ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान समारोह




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय में अप्रैल 2026 माह में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगठन के प्रति उनके दीर्घकालीन योगदान, निष्ठा एवं समर्पण को सम्मानित करने हेतु आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवाओं की सराहना कर सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके भविष्य के जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना की।

अप्रैल 2026 माह में वेकोलि मुख्यालय से जिन कर्मियों ने सेवानिवृत्ति प्राप्त की, उनमें श्री एन. वेंकट रघु बाबु (महाप्रबंधक, एम.एम.), श्री नादिम अख्तर जमिल अहमद (ड्राइवर-कम-मैकेनिक) तथा श्री शेषराव बी. खोब्रागडे (सीनियर झेरॉक्स ऑपरेटर-कम-मैकेनिक) शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वेकोलि के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अन्य आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।